देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 19.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।
- चारधाम यात्रा में अब तक करीब 32 लाख श्रद्धालु पहुंचे। यात्रा मार्ग की तरह, अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी।
- थ्रीके आउटलेट से चमोली के काश्तकारों के उत्पादों को मिल रहा बाजार।
- ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर ब्लॉक परिसर में तीन दिवसीय पासपोर्ट मोबाइल वैन कैम्प का आयोजन।

मुख्यमंत्री योगाभ्यास

मुख्यमंत्री आवास परिसर में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आज योग दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और भारतीय जीवन शैली को वैश्विक मंच पर गौरव प्रदान कर रहा है।

चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा में अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। इसके अलावा तीर्थयात्री अब चार धामों के साथ ही अन्य मंदिरों और तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह, अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं।

इस यात्रा सीजन में ही चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल पंजीकरण की संख्या 44 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें यमुनोत्री धाम के लिए 7 लाख 13 हजार 456, गंगोत्री के लिए 7 लाख 80 हजार 554, केदारनाथ के लिए 14 लाख 43 हजार 513, बदरीनाथ के लिए 13 लाख 36 हजार 923 और हेमकुंड के लिए एक लाख 69 हजार 180 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार, अन्य तीर्थ स्थलों और धामों के भी प्रचार–प्रसार पर जोर देते रहे हैं, ताकि तीर्थयात्रियों के आने से इन क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो सके। इसके चलते अब चारधाम यात्रा मार्ग की तरह अन्य स्थानों पर भी होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और प्रसाद सहित तमाम तरह की गतिविधियां बढ़ रही हैं। जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका को सहारा मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए, सभी क्षेत्रों में तीर्थाटन, पर्यटन की गतिविधियां तेज होना

जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी तीर्थ स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास करने का प्रयास कर रही है।

<u>श्रमिक सुविधा केंद्र</u>

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के मालसी में उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत श्रमिक सुविधा केन्द्र का उद्‌घाटन किया। इस केन्द्र के माध्यम से श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि श्रमिक सुविधा केन्द्र में श्रमिकों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की पुत्रियों की शिक्षा, उनके विवाह, ईलाज और दुर्घटना होने पर विभिन्न प्रकार के लाभ श्रमिकों को दिए जाएंगे। उन्होंने श्रमिकों से केन्द्र में आकर अपने पंजीकरण कराते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं और श्रमिकों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है।

<u>निर्देश</u>

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में वर्चुअल क्लास और स्मार्ट कक्षाएं शीघ्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून स्थित अपने शासकीय आवास पर संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में डॉक्टर रावत ने कहा कि इस पहल से नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों तथा बीआरपी–सीआरपी की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

<u>थ्रीके आउटलेट</u>

प्रदेश में कृषि एवं कृषक कल्याण योजना के तहत थ्रीके आउटलेट का संचालन किया जा रहा है। इससे दुकान संचालकों की आय में वृद्धि होने के साथ ही काश्तकारों को उत्पादों के विपणन के लिए बाजार उपलब्ध हो रहा है। चमोली जिले में उद्यान विभाग की ओर से जहां छह थ्रीके आउटलेट का संचालन किया जा रहा है, वहीं कृषि विभाग की ओर से 34 आउटलेट तैयार किए गए हैं। मुख्य कृषि अधिकारी जे.पी तिवारी ने बताया कि जिले के लंगसी, छिनका, सगर, लोहजंग, बिरही, नंदप्रयाग, सोनला, कर्णप्रयाग, गौचर, मायापुर, मंडल, ग्वालदम, देवाल, थिरपाक और रानौ सहित विभिन्न स्थानों पर थ्रीके आउटलेट स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से स्थानीय उत्पादों की पैकेंजिग बाजार की मांग के अनुसार कर पहाड़ी दालों, मसालों, जूस, सब्जी व अन्य उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। इससे काश्तकारों को अपने उत्पाद का घर के पास से ही बेहतर मूल्य मिल रहा है। वहीं आम लोगों को भी आसानी से पहाड़ी उत्पाद मिल पा रहे हैं और काश्तकारों को आर्थिक लाभ हो रहा है। ग्वाड़ गांव में थ्रीके आउटलेट का संचालन कर रहे तेजेंद्र सिंह और गोपेश्वर के पठियालधार में आउटलेट का संचालन करने वाले दीपक कुमार का कहना है कि सरकार की ओर से संचालित योजना से व्यवसायियों और आम लोगों को सुगमता से स्थानीय उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं। वहीं काश्तकारों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए भी उचित माध्यम मिल रहा है, जिससे काश्तकारों की आय में वृद्धि हो रही है।

<u>मोबाइल पासपोर्ट वैन</u>

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देहरादून की ओर से ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर ब्लॉक परिसर में तीन दिवसीय पासपोर्ट मोबाइल वैन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में प्रत्येक दिन 50 अपॉइंटमेंट स्लॉट ऑनलाइन बुकिंग के लिए जारी किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विजय शंकर पांडे ने बताया कि पासपोर्ट आवेदकों को उनके घर के पास ही पासपोर्ट सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से यह कैम्प लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में पासपोर्ट मोबाइल वैन कैम्प लगाए गए हैं और इस तरह के कैंप हर महीने लगाए जाएंगे।

<u>भारतीय मानक ब्यूरो</u>

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस की ओर से देहरादून में कृषि विभाग के सहयोग से क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ता, मानकीकरण, प्रमाणीकरण और संबंधित प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना है, जिससे कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता मानकों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल विभागीय दक्षता को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तराखण्ड में गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादों के उत्पादन और निर्यात को भी बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी।

<u>मौसम/मानसून</u>

उत्तराखंड में दक्षिण–पश्चिम मानसून के दस्तक देने की परिस्थितियाँ अनुकूल होती जा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के भीतर राज्य के कई हिस्सों में मॉनसून आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है, जो आगामी सप्ताह भर जारी रह सकता है।

राज्यभर में तापमान अगले एक–दो दिनों तक सामान्य रहने की संभावना है, इसके बाद इसमें हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।